भारत सरकार

मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 496

दिनांक 25 जून, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: पशु रोग नियंत्रण

496. श्री रोड़मल नागरः

श्रीमती रक्षा निखिल खडसेः

श्री रविन्द्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ
रवि किशनः

क्या मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पशुओं में होने वाले मुंह और खुरपका रोगों और ब्रूसेलोसिस रोगों के पूर्ण उन्मूलन हेतु कोई कार्य योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना को कब तक लागू किए जाने की संभावना है तथा उक्त योजना को प्रथम चरण में किन राज्यों में कार्यान्वित किया जाएगा;

(घ) क्या सरकार का पशुओं में होने वाले रोगों हेतु निःशुल्क औषधि योजना और पशु बीमा योजना जैसी योजना के कार्यान्वयन का प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो उक्त योजना को कब तक कार्यान्वित किया जाएगा; और

(ङ) क्या सरकार का ब्रूसेलोसिस के बढ़ते संक्रमण हेतु टीकाकरण का प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री

(डॉ0 संजीव कुमार बालियान)

(क) जी, हां।

(ख) खुरपका और मुहंपका रोग (एफएमडी) तथा ब्रूसेलोसिस के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंत्रिमंडल द्वारा पांच वर्षों (2019-2024) के लिए 13343.00 करोड रूपये के कुल परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र की नई योजना के रूप में 31.05.2019 को अनुमोदित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2019 -20 के लिए 2683.00 करोड़ रूपये की राशि प्रस्तावित की गई है। इसके निम्नलिखित घटक है:-

खुरपका और मुहंपका रोग (एफएमडी) नियंत्रण कार्यक्रम:

इस कार्यक्रम में पूरे देश में छह माह के अंतराल पर गोपशुओं, भैसों, भेड़, बकरियों और सूअरों के शतप्रतिशत टीकाकरण कवरेज की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा, अद्धितीय पशु पहचान

कान टैग का उपयोग करके पशुओं की पहचान की जाएगी। इस कार्यक्रम में इसकी एक गतिविधि के रूप में एक वर्ष में दो बार पशुधन की लक्षित आबादी की डी- वार्मिंग करना भी शामिल है।

ब्रूसेलोसिस नियंत्रण कार्यक्रम: इस कार्यक्रम में 100% मादा गोपशुओं और भैसों की बछियों (4-8 माह की आयु में) की जीवन काल में एक बार टीकाकरण कवरेज की परिकल्पना की गई है।

(ग) इस योजना को वर्ष 2019-20 से लेकर वर्ष 2023-24 तक पूरे भारत में कार्यान्वित किये जाने की परिकल्पना की गई है।

(घ) इस समय सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि विभाग द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) में जोखिम प्रबंधन और बीमा संघटक शामिल है जिसका उद्देश्य किसानों को पशुओं की मृत्यु के कारण उनके पशुओं के किसी भी अंतत: हानि के विरूद्ध सुरक्षा तंत्र प्रदान करके जोखिम और अनिश्चितताओं का प्रंबधन करना है।

(ङ) जी, हां। सरकार ने खुरपका और मुंहपका रोग (एफएमडी) और ब्रूसेलोसिस के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के ब्रूसेलोसिस नियंत्रण कार्यक्रम घटक के जरिए ब्रूसेलोसिस के विरूद्ध टीकाकरण का प्रस्ताव किया है। इस कार्यक्रम में 100% मादा गोपशुओं और भैंस की बछियों (4-8 की आयु में) की जीवनकाल में एक बार टीकाकरण कवरेज की परिकल्पना की गई है।

*****